## घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा पर संवाद

### न्यायपालिका, पुलिस व्यवस्था और प्रशासन महिलाओं के साथ : कलेक्टर

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** हम होंगे कामयाब अभियान के तहत कलेक्टर शीतला पटले की अध्यक्षता और प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अंकिता श्रीवास्तव की मौजूदगी में घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया।



कलेक्टर पटले ने समाज की कमियों को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारे समाज में बच्चों को प्रारंभ से ही स्वाभिमान सिखाया जाता है। महिलाओं को यह समझना होगा कि उनका स्वाभिमान किसी भी स्थिति में खंडित नहीं होना चाहिये। घरेलू हिंसा के संदर्भ में महिलाओं को यह लक्ष्मण रेखा पता होना चाहिये कि कोई भी व्यक्ति उनके निजी दायरे को लांघने का प्रयास कब कर रहा है। ऐसे किसी भी प्रयास का मजबूती से विरोध करना चाहिये। प्रशासन, न्याय पालिका एवं पुलिस व्यवस्था हर महिला के साथ है। महिलाओं को भी खुद को भी खुद का साथ देना चाहिये। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण के कई अयाम है, जिसमें आर्थिक सशक्तिकरण पहली सीढ़ी है, जो महिलाओं की निर्भरता को समाप्त करती है। उन्होंने स्वाभिमान, स्वावलंबन, संघर्ष और सीमा निर्धारण पर विचार व्यक्त किये।

प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अंकिता श्रीवास्तव ने अधिनियम के क्रियान्वयन की प्रक्रिया, महिलाओं के अधिकारों एवं प्रतिकार की जानकारी दी। सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने घरेलू हिंसा के सामाजिक करणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लड़कियों को सक्षम बनाने के कदम बढ़ाये गये हैं, तभी उनसे संबंधित समस्यायें सामने आई हैं। भारतीय समाज में घरेलू हिंसा का कारण पितृसतात्मक समाज, लड़कियों में अशिक्षा, महिलाओं की सहन करने की प्रवृत्ति और महिलाओं को स्वयं के अक्षम समझाना है। महिलाओं को सक्षम बनना होगा। चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल विष्णु श्रीवास्तव ने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 की विभिन्न धाराओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन बाल संरक्षण अधिकारी सौनिध्य सराठे एवं आभार सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास राधेश्याम वर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रशासन वन स्टॉप सेंटर एवं उनका स्टॉफ, जिला बाल संरक्षण इकाई, सेक्टर सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शौर्यादल के सदस्य और घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलायें मौजूद थी।

## विश्व विकलांग दिवस पर प्रतियोगिताएं आज

### दिव्यांग विद्यार्थी करेंगे खेल प्रतिभा का प्रदर्शन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवम् मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत दलीप कुमार, के मार्गदर्शन में दिव्यांग बच्चो हेतु विकासखंड स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 30 नवंबर को प्रातः 11 बजे से सी.डब्ल्यू.एस.एन. छात्रावास परिसर डाईट नरसिहपुर में किया जा रहा है ।

विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ओ पी राय द्वारा प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु पंजीयन हेतु जन शिक्षक राम मनोहर झारिया, हरिसिंह बरकड़े मंच संचालन जनशिक्षक आर पी शर्मा, भोजन व्यवस्था, धनीराम मेहरा, महेश झारिया टी0 ए0 वितरण श्रीमती मोना दुबे लेखापाल, खेलकूद संचालन सुश्री डा अंजीता वर्मा, मनोज सराठे, जय कुमार सोनी, सामान्य दौड़ 25 मी0, जनशिक्षक एच पी कोरी, राजेश बस्तवार, नीबू चम्मच दौड़ जनशिक्षक संजय मेहरा, अनिल गुप्ता, मटकी फोड़ जनशिक्षक मधु सुदन दुबे, प्रदीप मेहरा, बकेटिंग द बाल जनशिक्षक भगवत साहू, अमर सिंह, रंगोली श्रीमती शोभा शुक्ला, श्रीमती सिया झारिया, ड्राइंग जनशिक्षक ओम प्रकाश दोहिया एम के झारिया, कुर्सी दौड़ जनशिक्षक संदीप भारिया, राजकुमार काछी, सांस्कृतिक कार्यक्रम जनशिक्षक शांत पटेल रामकुमार पटेल, अन्य व्यवस्थाए हेतु आशीष नामदेव, मनीष यादव, विजय नामदेव, भूपेंद्र जागेत, प्रचार- प्रसार समिति में एल पी गिरदौनिया को दायित्व सौंपा गया है। दिव्यागजन को सुरक्षित प्रतियोगिता में शामिल करवाने से लेकर घर तक व्यवस्थित पहुंचाने हेतु संबंधित जनशिक्षा केंद्र के जनशिक्षकों , संस्था प्रमुख को विधिवत आदेश जारी किया गया है । जिससे शिक्षक या पालक समस्त दिव्यांग बच्चों की सहभागिता करा सकें। विकासखंड नरसिंहपुर के विद्यालय स्तर से कक्षा पहली से आठवीं के दिव्यांग समूह द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता में सहभागिता की जाएगी जिसमें 25 मीटर दौड़ में मूक बधिर छात्र छात्राओं द्वारा , नींबू चम्मच दौड़ में मानसिक दिव्यांग विद्यार्थियों , बकेटिंग द बॉल में बहु विकलांग विद्यार्थियों , मटकी फोड़ में दृष्टिबाधित छात्र छात्राओं, सभी दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए रंगोली प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही कक्षा पहली से पांचवीं के दिव्यांग विद्यार्थियों की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु बी ए सी ब्रजेश नेमा, विनोद झारिया, सहित जनपद शिक्षा केंद्र के समस्त कर्मचारियों द्वारा प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर व्यवस्था में सहयोग किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का सश्रम कारावास

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** न्यायालय, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ श्रीमती अंजली पारे के न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ दुष्?कर्म के प्रकरण में आरोपी चन्द्रभान ठाकुर गौंड आ. विजय ठाकुर गौंड आयु 21 वर्ष, निवासी ग्राम चिल्का, थाना तेंदूखेडा जिला नरसिंहपुर म.प्र. को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को धारा- 5(एल)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000/- जुर्माना एवं भादवि की धारा- 366 में 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000/- जुर्माना सें दंडित किया गया।

पर अभियोक्त्री के नाना द्वारा अभियोक्त्री की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर आरक्षी केन्द्र तेंदूखेडा में प्रथम सूचना रिपोर्ट अपराध क्रमांक 159/2023 अंतर्गत संहिता की धारा 363 में लेखबद्ध की गई। दिनांक 29/5/2023 को अभियोक्त्री के दस्तयाब होने पर उसके कथन लेखबद्ध किये गये। अभियोजन की ओर से प्रस्तुत किए गए साक्षी जिसमें अभियोक्त्री, अभियोक्त्री के नाना तथा मॉ की साक्ष्य महत्वपूर्ण एवं विश्वसनीय मानते हुये एवं चिकित्सक द्वारा न्यायालय में दिये गये साक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए तथा चिकित्सीय साक्षी द्वारा दिये गये साक्ष्य के समर्थन में आई हुई डी.एन.ए. रिपोर्ट को निश्चियात्मक साक्ष्य मानते हुये आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुये न्यायालय द्वारा आरोपी को उक्त सजा सें दंडित किया। प्रभारी उपसंचालक अभियोजन/जिला लोक अभियोजन अधिकारी नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में, विशेष लोक अभियोजक श्रीमती संगीता दुबे द्वारा उक्त प्रकरण में पैरवी की गई।

### विश्व विकलांग दिवस पर विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विश्व विकलांग दिवस पर विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शा.क. मा. शाला करेली बस्ती में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रमेन्द्र सिंह पटैल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सुश्री प्रतिज्ञा परिहार (अध्यक्ष जनपद पंचायत करेली) विशिष्ट अथिति कैलाश जी रघुवंशी (पार्षद) अध्यक्ष संतोष रघुवंशी (पूर्व मंडी अध्यक्ष करेली) के आतिथ्य में संपन्न किया गया। सरस्वती पूजन के सांथ प्रतियोगिता का आरंभ हुआ। स्वागत समारोह के पश्चात अतिथियों द्वारा चित्रकला और रंगोली का अवलोकन करते हुये मुख्य अतिथि महोदया द्वारा दिव्यांग बच्चों को माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया एवं उनके द्वारा टॉफियाँ वितरित की गई। प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, नीबू चम्मच दौड़ में बच्चों द्वारा बढ़ चढ़ कर सहभागिता की गई। दिव्यांग बच्चों, उनके पालकों एवं शिक्षकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। इसके उपरांत प्रथम एवं द्वितिय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरूस्कार वितरित किये गये एवं सभी प्रतिभागी बच्चों को स्वेटर प्रदान की गई। मंच संचालन दुलीचंद नौरिया (एमआरसी) द्वारा किया गया। बीएसी एवं प्रभारी अजीत जाट, विकासखंड सह समन्वयक ब्रजेश पाराशर एवं जनशिक्षक भैयाराम चौधरी, कैलाश पटैल, प्रमोद गुमास्ता, मनोहर रजक, हरिओम जाटव, वरूण ओरिया, नितिन नारोलिया, संतोष साहू, पंकज साहू, नीरज श्रीवास्तव एवं दिनेश संराठे द्वारा समस्त कार्यों में सहभागिता प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद वर्मा जी द्वारा आभार प्रकट किया गया।

### गन्ना उत्पादक किसानों की बैठक एक दिसंबर को

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गन्ने के उचित मूल्य को लेकर गन्ना उत्पादक किसान संघ के तत्वाधान में दिनांक 1 दिसंबर 2024 दिन रविवार को समय दोपहर 12बजे से जवाहर कृषि उपज मंडी गाडरवारा में बैठक आयोजित की जा रही है। जिसमें गन्ना मूल्य, किसानों का बकाया, घटतोली मिल क्षेत्र से बाहर का गन्ना लाना, परिवहन एवं लेबर द्वारा किसानों से अतिरिक्त लेना जैसी अन्य समस्याओं पर चर्चा कर शासन प्रशासन को अवगत कराते हुए आंदोलन की रूपरेखा तय करने चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। उपताशय की जानकारी देते हुए गन्ना उत्पादक किसान संघ के जगदीश पटेल ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### शिक्षा मंत्री का दौरा कार्यक्रम आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह शनिवार 30 नवम्बर का दौरा कार्यक्रम जारी किया गया है।जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री सिंह शनिवार 30 नवम्बर को दोपहर एक बजे लोलरी से प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे करेली रेस्ट हाउस आयेंगे। यहां वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात अपरान्ह 3.25 बजे करेली से रतलाम जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

## आरक्षकों की कार्यप्रणाली से वकीलों में रोष

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिला न्यायालय नरसिंहपुर की प्रत्येक न्यायालय में जिले के प्रत्येक थानों से मुशियों द्वारा चालान लाने व न्यायालय में पेश करने के पूर्व सांठ-गांठ करने व अपनी मर्जी के अधिवक्ता को प्रकरण में अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता नियुक्त कराने तथा विगत कई वर्षों से न्यायालयों में नियुक्त मोहर्रर को बदलने के लिये जिला अधिवक्ता संघ ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।



पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

जिला अधिवक्ता संघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि एक ही थाने में पदस्थ आरक्षक जो न्यायालय में चालान पेश करते हैं, पक्षकारों को गुमराह कर अधिवक्ताओं का काम प्रभावित कर रहे हैं । पुलिस थानों में पदस्थ जो चालान आदि की कार्रवाई करते हैं ऐसे आरक्षक चालान प्रस्तुत करने के पूर्व पक्षकारों के परिजनों को गुमराह करते हैं तथा किसी अधिवक्ता विशेष के पास जाने का दबाब बनाते हैं तथा अधिवक्ता की फीस भी तय कर लेकर अधिवक्ताओं की दलाली कर रहे हैं। संबंधित थानों के आरक्षकों द्वारा समरी ट्रायल में भी पक्षकारों से न्यायालय के नाम से अवैध वसूली करते हैं तथा पक्षकारों को प्रकरण समाप्त कराने का प्रलोभन देकर रूपये ऐंठते हैं। थानों में पदस्थ ऐसे आरक्षक अनेक वर्षों से एक समान कार्य कर रहे हैं। उक्त आरक्षकों के अवैध कृत्य से अधिवक्तागणों को प्रतिदिन कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है तथा पक्षकारों से अनावश्यक वाद विवाद होता है। यदि सबंधित थानों में पदस्थ आरक्षको का स्थानांतरण/कार्य परिवर्तन नहीं किया जाता तो अधिवक्ता व पक्षकारों तथा पुलिस के मध्य विवाद होने की संभावना रहती है इस कारण से पुलिस थानों में पदस्थ संबंधित आरक्षको का स्थानांतरण/कार्य परिवर्तन कराया जाना अति आवश्यक है जिला अधिवक्ता संघ ने थानों में पदस्थ्य आरक्षक जो चालान प्रस्तुत करते हैं उनकी कार्यप्रणाली की जांच करायी जाकर उक्त समस्या का यथोचित निवारण किये जाने की मांग की है।

## मुस्कुरा कर दौड़े दिव्यांग, पाये पुरस्कार

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस राज्य एवं जिला शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर के निर्देशों के परिपालन में विकासखंड चीचली के जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत श्री साँई पब्लिक स्कूल के परिसर में विकासखंड स्तरीय दिव्यांग छात्र छात्राओं की खेलकूद, सांस्कृतिक एवं सामर्थ्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विकासखंड चीचली के आठ जन शिक्षा केंद्रों में अध्यनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दी । इस प्रतियोगिता अंतर्गत में बाल वर्ग एवं कनिष्ठ वर्ग में 25 मीटर दौड़, नींबू, चम्मच दौड, मटकी फोड़ प्रतियोगिता, बकेटिंग द बाल, रंगोली ड्राइंग तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों से संबंधित गतिविधियां संपादित कराई गई।

प्रतियोगिता अंतर्गत दिव्यांग छात्र-छात्राओं रिहान खान, आशनी राजपूत, दीपिका ठाकुर, अंकित विश्वकर्मा, रक्षा श्रीवास, अनिकेत मेहरा, अमित गौंड, धीरज श्रीवास, सोमनाथ गौंड, मनोज कीर, अनिकेत यादव ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपना स्थान सुनिश्चित किया। अब चयनित विद्यार्थी जिला स्तरीय दिव्यांग प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता देंगे। इस प्रतियोगिता के समापन में समाजसेवी के एल साहू एवं संतोष चौरसिया ने अपने उद्बोधन में दिव्यांग छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं, प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरक स्मरणीय तथ्य तथा इनके जीवन में पालकों तथा शिक्षकों से सकारात्मक सहयोग की बात कही। आगंतुक अतिथियों द्वारा सभी विजयी एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। इस प्रतियोगिता हेतु बीएसी अरुण दुबे को प्रभारी तथा सत्यम ताम्रकार एवं अजय नामदेव प्रभारी एमआरसी को सह प्रभारी नियुक्त किया गया। प्रतियोगिता संचालन हेतु बुलंद कुशवाहा, संजय सोनी, सुनील सोनी, श्रवण ठाकुर, धीरज जसाठी, हेमकुमार नामदेव, मन्नालाल पटले, दीपक चौरसिया, शरद कौरव, कौशल ठाकुर, मनोज वर्मा, हेमंत पटेल, लेखराम गौतम, प्रमिला प्रजापति, रुपाली कुरडे, आरती मालवीय, तखतसिंह विश्वकर्मा, दिनेश चौरसिया, साई पब्लिक स्कूल के प्रबंधक साकेत कौरव, महेंद्र कुमरे, नीलेश गोस्वामी, कैलाश कहार का सकारात्मक सहयोग रहा। कार्यक्रम का आभार सत्यम ताम्रकार द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर के मार्गदर्शन तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल के निर्देशन में हुआ।

## सालीचौका में प्रस्तावित ओवरब्रिज के स्थान परिवर्तन करने को सौंपा ज्ञापन

### 35 परिवार होंगे प्रभावित, नागरिकों से नहीं ली सहमति, न ही सूचित किया

**सालीचौका, नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** गत दिवस नगर में रेलवे समपार गेट क्र251 पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज का स्थान परिवर्तन करनें नागरिकों, व्यापारियों, किसानों ने कलेक्टर नरसिंहपुर के नाम ज्ञापन सौपा गया। इसके पहले भी मई 24को क्षैत्रीय विधायक व परिवहन व शिक्षामंत्री राव उदयप्रताप सिंह नगरपरिषद सीएमओ भवानी प्रसाद शर्मा एवं डी आर एम ,आईओडब्ल्यू के नाम पूर्व में भी ज्ञापन दिया था।

उल्लेखनीय हैं कि देश में सभी रेलवे गेट समाप्त कर उन पर ओवर ब्रिज 'पुल' बनाए जा रहे हैं इसी श्रृंखला में गाडरवारा तहसील के अंतर्गत नगर सालीचौका में बनने वाला पुल खेरुआ मोड़ से शुरू होकर पशु चिकित्सा केंद्र के सामने उतरेगा ।

इसकी लंबाई लगभग 680 मीटर या 2200' फुट की रहेगी द्य यह ओवरब्रिज निर्माण में लगभग 4-5 साल लग जाएंगे द्यइस दौरान रेलवे गेट चार पहिया वाहनों के लिए बंद हो जाएंगे तब तक नगर के दोनों तरफ एंबुलेंस वैकल्पिक तौर पर दस बारह किलोमीटर घेर कर छोटी बाबई गेट से नागरिकों को मरीजों को अस्पताल लाना पडेगा,वहीं किसानों को मंडी में तथा शुगर मिल,राईसमिलो, वेयरहाउस में अपनी फसल ले जाना और रोजमर्रा की जरूरत के लिए इतना घेर कर ले जाने और लाने में काफी परेशानियों होगी क्योंकि सावरी,सहावन, आदि ग्रामो की तंग गलीयों से आवागमन वर्तमान में मुश्किल हो रहा तो जब बडे वाहन चलेंगे तो क्या नजारा होगा विचारणीय व यक्षप्रश्न हैं।वहीं नगर की सभी मुख्य संस्था इसी सड़क मार्ग पर एक ही कतार में हैं जैसे पशु चिकित्सा केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नगर परिषद कर्यालय, पुलिस उपथाना, पोस्ट ऑफिस, कन्या शाला, मीटिंग हाल, बालक शाला शासकीय डॉक्टर नर्सो के घर क्वाटर्स दो प्राइवेट अस्पताल आदि क्षतिग्रस्त होगें, इसके अलावा दोनो तरफ कृषिक्षेत्र, वेयरहाउस,शुगर फैक्ट्री, राईसमिले, अनाज मंडी व छोटी बडी दुकानें, सप्ताह में दो दिन लगने वाला हाट बजार भी हैं जो प्रभावित हो जायेगा। इस सड़क पर ब्रिज बनने के कारण इन सभी शासकीय संस्थानों में जनता कैसे जा पाएगी।

**ओवरब्रिज कार्ययोजना दोषपूर्ण व अव्यौहारिक** -नगर में उक्त ओवरब्रिज की कार्ययोजना दोषपूर्ण एवं अव्योहारिक है, इसकी सूचना व सहमति प्रभावित 35 परिवारों से नहीं ली गई, 15 दिसंबर23 को टेंडर जारी कर दिया, टेंडर जारी होने के पहले कार्ययोजना का प्रकाशन समाचार पत्रों में नहीं किया गया, और न ही आसपास के निवासियों को सूचित किया।इस तरह अनेक नियम, अधिनयमों का पालन नहीं किया गया।

नगर को ओवरब्रिज की तो अति आवश्यकता है। यादि एक बार यह ब्रज वर्तमान में प्रस्तावित स्थान से बन गया तो हमेशा के लिए नागरिकों को बड़ी दिक्कत हो जाएगी द्य इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर के गणमान्य नागरीको व्यापारियों, किसानों ने *जिला प्रशासन प्रशासनिक अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौपा गया एवं अपील की गई है कि ओवरब्रिज का नक्शा ऐसा बनाया जाए जो कि नगर के विकास में बाधा न बन पाए और आम जनता परेशान न हो सके व आवागमन सुलभ रहे।

ज्ञापन में सुझाव दिया है कि पूर्व सर्वे अनुसार सालीचौका मोटर स्टेंड से उत्तर दिशा से रेलवे स्टेशन क्रास कर दक्षिण दिशा की ओर सीधा पुराना गल्ला बजार के आगे मुख्यबाजार तक शासकीय भूमि में किया जाये इससे लागत कम आयेगी एवं निजी स्वामित्व के भवन व रोजगार प्रभावित नहीं होगें। या चयनित मार्ग के अलावा सालीचौका से अर्जनगांव सहावन मार्ग से500/600फुट दूरी पर उत्तर दिशा की ओर रेलवे लाईन 847/10 द्यद्व होम सिंग्नल के पास से उतर दिशा में लगभग 600/800 फुट दूरी पर सिचाई विभाग की शासकीय भूमि उपलब्ध हैं जो कि आनंद पैट्रोल पंप के पास मुख्यमार्ग से मिलती है इस मार्ग का चयनित किया जा सकता है, और वर्तमान मार्ग में अंडरपास की व्यवस्था कर छोटेवाहनो का आवागमन सुनिश्चित किया जा सकता है। इसके अलावा खैरुआ रोड की ओर जाने वाले रास्ते से शमशान घाट जाने वाली पुलिया के ऊपर से बनाया जा सकता है।यहां से शासकीय भूमि का प्रयोग होता है यहां से पचामा,अमाडा, बसुरिया आदि के ग्रामीणों को गाडरवारा या अन्य स्थानों शहरों में जाने नगर की सीमा में प्रवेश नहीं करना पडेगा।

## उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया गया एनसीसी दिवस

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में संस्था प्राचार्य जी एस पटेल एवं एनसीसी अधिकारी ए आर राव के मार्गदर्शन में एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई इसके पश्चात एनसीसी अधिकारी द्वारा अपने एनसीसी प्लाटूंस का निरीक्षण करवाया गया । इसके बाद एनसीसी कैडेट्स ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव पर आधारित नाटक एवं एंटी प्लास्टिक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। साथ ही एनसीसी कैडेट्स ने अपनी भाषण एवं कविता पाठ किया। एनसीसी कैडेट्स के द्वारा ड्रिल का शानदार प्रदर्शन किया गया। संस्था प्राचार्य द्वारा एनसीसी कैडेट्स और उपस्थित



सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात खेलकूद, क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपलब्धि हासिल करने वाले कैडेट्स को एनसीसी अधिकारी द्वारा संस्था प्राचार्य एवं डॉ. अशोक उदेनिया के माध्यम से पुरुस्कृत किया गया ।

## भाजपा संगठन पर्व कार्यशाला आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व संगठनात्मक चुनाव के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नरसिंहपुर में आज 30 नवंबर को सुबह 11 बजे से चुनाव कार्यशाला का आयोजन किया गया है । यह कार्यशाला जिला निर्वाचन अधिकारी व भोपाल सांसद अलोक शर्मा के मुख्य आतिथ्य भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ नेताओं व विधायक गणों की विशेष उपस्थित मे संपन्न होगी ।




### नाम परिवर्तन सूचना

अमित उइके आ. श्री कृपाशंकर उइके निवासी यादव कालोनी गली नं. 10 कामथ वार्ड कंदेली नरसिंहपुर ,शपथकर्ता उक्त पते का निवासी है। यह कि शपथकर्ता के बालक का जन्म 28/8/2023 को नीखरा हास्पिटल नरसिंहपुर में हुआ था। आपके कार्यालय से जो जन्म प्रमाण पत्र जारी हुआ है उसमें बालक का नाम त्रुटिवश भाव्यांश दर्ज हो गया है,इसे सुधार कर भौतिक उइके करवाना चाहता है। ताकि अन्य दस्तावेजों में यही नाम दर्ज हो सके । भाव्यांश व भौतिक एक ही नाम है। भविष्य में मेरे बालक को भौतिक उइके के नाम से ही जाना पहचाना और पढ़ा लिखा जावे। उपरोक्त संशोधन कर प्रमाण पत्र में भौतिक उइके के नाम से डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जावे।

**अमित उइके,**
**शपथकर्ता**


## कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने की आम जनता से मुलाकात, देखी फिल्म

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री क्षेत्रीय विधायक राव उदय प्रताप सिंह ने लक्ष्मी टाउन स्थित सेवा सदन कार्यालय में आम नागरिकों व भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की । इस अवसर पर आम नागरिकों ने कैबिनेट मंत्री को अपनी समस्याएं बताते हुए आवेदन दिए। मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को फोन लगाकर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। कैबिनेट मंत्री श्री राव ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र को विकासशील बनाना मेरा मुख्य उद्देश्य है केंद्र एवं मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के नेतृत्व में सकारात्मक सुशासन की प्रक्रिया तीव्र गति से चल रही है प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश में विकास की रफ्तार को नई ऊंचाइयों पर पहुंचने का काम कर रही है। आमजनों से मुलाकात के बाद केबिनेट मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अलका टाकीज पहुँचकर साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखने पहुचे। तत्पश्चात नगर में शोकाकुल परिवारों के बीच पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्ति की।


## मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए